# नोएडा एयरपोर्ट का ट्रायल सफल



नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर विमानों की उड़ान की दिशा में एक और अहम कदम बढ़ा। हवाईअड्डे पर शुक्रवार सुबह कैलिब्रेशन उड़ान परीक्षण में नेविगेशन उपकरणों की जांच सफलतापूर्वक की गई। इसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विशेष विमान ने पूर्वी छोर से सफल लैंडिंग और टेक ऑफ किया।

अगले सप्ताह पश्चिमी छोर से यह परीक्षण होगा। परीक्षण रनवे पर लगाए उपकरणों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है।